# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

**BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES**

मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार)

Tel-0612-2356912, Email-registrarbuhs-bih@gov.in, website-www.buhs.ac.in

पत्रांक–संब॰–6139 / 2024–1402 /

प्रेषक,

विमलेश कुमार झा,
भा॰प्र॰से॰ (से.नि.)
कुलसचिव।

सेवा में,

सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 18/08/2026

**विषयः– निजामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गयाजी में बी॰यू॰एम॰एस॰ कोर्स हेतु नामांकन क्षमता में वृद्धि कर 60 किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अनापत्ति प्रमाण पत्र के सत्यापन एवं वैधता के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निजामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गयाजी में बी॰यू॰एम॰एस॰ कोर्स हेतु नामांकन क्ष ता बढाकर 60 किये जाने हेतु विश्वविद्यालय से कंसेंट ऑफ एफिलिएशन प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। निजामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गयाजी द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–614(आ॰चि॰) दिनांक–09.05.18 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है, जिसके द्वारा निजामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गयाजी में छात्रों के प्रवेश की क्षमता 40 से बढ़ाकर 60 करने हेतु विभागीय अनापत्ति संसूचित की गई है। उक्त पत्र में पाठ्यक्रम का नाम अंकित नहीं है।

अतः अनुरोध है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–614(आ॰चि॰) दिनांक–09.05.18 द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र का सत्यापन करने तथा वैधता की पुष्टि करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

18/8/26

**(विमलेश कुमार झा)**
कुलसचिव